मुख्यमंत्री जन-सेवा अभियान में 47 बेटियाँ हुईं सम्मानित

चर्चा में क्यों?

22 सितंबर, 2022 को मध्य प्रदेश के गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने 'मुख्यमंत्री जन-सेवा अभियान'में आयोजित लाड़ली लक्ष्मी सम्मेलन में 47 बेटियों को सम्मानित किया।

प्रमुख बिंदु

- 'लाड़ली लक्ष्मी सम्मेलन'में 11 बालिकाओं को लाड़ली लक्ष्मी प्रमाण-पत्र, 25 परिवारों को एकल बेटी परिवार सम्मान, 13 बालिकाओं को जिमनास्टिक में राज्यस्तरीय गोल्ड मेडल, अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ताईक्वांडो में मेडल, गोला फेंक में गोल्ड मेडल, एयरोबिक्सि नेशनल प्लेयर गोल्ड मेडल, नेशनल कराटे चैंपियनशिप, ऑल इंडिया कराटे में गोल्ड मेडल, योग में गोल्ड मेडल इत्यादि उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिये सम्मान, 3 बालिकाओं को 'मुख्यमंत्री बाल आशीर्वाद योजना'का लाभ और 5 युवतियों को पिंक लाइसेंस प्रदान किये गये।
- सम्मेलन में गृह मंत्री डॉ. मिश्रा ने कहा कि विभिन्न योजनाओं के लाभों से वंचित रह गए हितग्राहियों को पात्रता अनुसार लाभ प्रदान किया जाएगा। इन्हें केंद्र और राज्य सरकार की 33 जन-कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित करने के लिये प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म-दिन 17 सितंबर से 31 अक्टूबर (45 दिन) तक 'मुख्यमंत्री जन-सेवा अभियान' चलाया जा रहा है।
- 'मुख्यमंत्री जन-सेवा अभियान'से प्रत्येक ज़रूरतमंद पात्र व्यक्ति को योजनाओं से लाभान्वित करने का संकल्प लिया गया है। अभियान में संकल्प पूर्ति के लिये घर-घर पहुँच कर लोगों से जानकारी लेकर लाभान्वित करने का महती कार्य किया जा रहा है।
- गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि 'लाड़ली लक्ष्मी योजना'के सकारात्मक परिणाम आ रहे हैं। बालिकाओं के प्रति न केवल लोगों की सोच में बदलाव आया है, बल्कि लिंगानुपात में भी उत्तरोत्तर सुधार हुआ है।
- लाड़ली लक्ष्मी योजना के क्रियान्वयन में इंदौर प्रदेश में अव्वल नंबर पर है। इंदौर में एक लाख 81 हज़ार बालिकाओं को लाड़ली लक्ष्मी योजना का लाभ मिल रहा है।
- जल-संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने कहा कि पूरा देश मध्य प्रदेश की लाड़ली लक्ष्मी योजना का अनुसरण कर रहा है। वर्ष 2007 से प्रारंभ हुई इस योजना से 43 लाख बालिकाएँ लाभान्वित हो रही हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/47-daughters-honored-in-chief-minister-s-public-service-campaign